# हर विकासखण्ड में बालिकाओं के लिए खुलेगा छात्रावास : धामी

### सीएम घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा उनकी प्रभावी निगरानी के लिए प्रोग्राम इवैल्यूएशन एंड रिव्यू टेक्निक (पी.ई.आर.टी.) चार्ट तैयार किया जाए। बिजली, पेयजल, वनाग्नि, मानव-वन्यजीव संघर्ष तथा सड़क से संबंधित समस्याओं का विभागों द्वारा यथाशीघ्र समाधान किया जाए। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन घोषणाओं के अभी तक शासनादेश जारी नहीं हुए हैं, उन्हें 15 जून 2026 तक जारी किया जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से जनसमस्याओं का समाधान करें।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों यमकेश्वर, पौड़ी, श्रीनगर, चौबट्टाखाल, लैंसडाउन और कोटद्वार की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्रत्येक विकासखंड में बालिकाओं के लिए एक-एक छात्रावास बनाया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक ब्लॉक में छात्राओं की सर्वाधिक संख्या वाले विद्यालयों को चिन्हित करते हुए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि रघुनाथ मंदिर, कोट ब्लॉक स्थित लक्ष्मण मंदिर तथा फलस्वाड़ी स्थित सीता माता मंदिर को धार्मिक सर्किट के रूप में भव्यता से विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकों द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन खोलने के लिए दिए जा रहे प्रस्तावों पर शिक्षा विभाग तथा संबंधित जिलाधिकारी केंद्र सरकार के मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे जाने पर उन्हें शीघ्र स्वीकृति मिल सके। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पौड़ी में मल्टीपरपज हॉल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित रोपवे प्रकरणों की अलग से समीक्षा की जाए। साथ ही पार्किंग की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए तथा सरकारी कार्यालयों में नियमित रूप से सोलर पैनल लगाए जाएं। बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत, विधायक श्रीमती रेनू बिष्ट, राजकुमार पोरी, दलीप सिंह रावत, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, रणवीर सिंह चौहान, वर्चुअल माध्यम से गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय और जिलाधिकारी पौड़ी श्रीमती स्वाति भदौरिया उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नगाण गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में हुए सम्मिलित

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तहसील बड़कोट के नगाण गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिभाग कर क्षेत्रवासियों के साथ आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान की कथा श्रवण कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। शनिवार को भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के धर्मपत्नी स्वर्गीय उमा जी के वार्षिक श्राद्ध पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा नगाण गांव पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बने हैं तब से देश में सनातन धर्म का स्वर्णिम युग आया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या में राममंदिर बना है।



इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के अनुश्रवण से मनुष्य की बुद्धि, विवेक जगाता है वहीं पितरों को भी बैकुंठ धाम की प्राप्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि जैसे वृंदा वन में वृंदा धाम है वैसे ही उत्तराखंड में देव भूमि है जहां चारधाम विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने केदारनाथ पुनर्निर्माण के बाद बद्रीनाथ में मास्टर प्लान के तहत कार्य किया है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि विकास एक दिन कि प्रक्रिया नहीं है बल्कि अनवरत रूप से चलने वाली प्रक्रिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का चरणबद्ध आंदोलन शुरू

उत्तरकाशी। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने 13 सूत्री मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन के प्रथम चरण में शनिवार को जनपद भर के जूनियर हाईस्कूलों में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं ने बाएं बांह में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। साथ ही जल्द मांगों का निस्तारण न होने पर 12 मई से उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष भगत सिंह महर ने बताया कि लंबे समय वह प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापकों को पूर्ण सेवाकाल में तीन पदोन्नतियां देने, प्रदेश के समस्त जूनियर हाईस्कूल में पांचवां पद अंग्रेजी विषय का अनिवार्य रूप से सृजित करने, प्रदेश के शिक्षक कार्मिकों को पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने, माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों की भांति प्रारंभिक व जूनियर हाईस्कूल के शिक्षकों को भी संपूर्ण सेवाकाल में एक बार अंतरजनपदीय स्थानांतरण की सुविधा देने सहित अन्य मांग कर रहे हैं लेकिन अब तक उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे शिक्षकों में रोष है। 12 मई से उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना-प्रदर्शन, 18 मई को जनपद मुख्यालयों में रैली, 29 मई को प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय पर धरना और 8 जून को सचिवालय कूच करेंगें। इस मौके पर भगत सिंह महर, घनश्याम प्रसाद पैन्यूली, दिनेश सिंह चौहान, शूरवीर सिंह पडियार, महावीर सिंह सजवाण, जगवीर सिंह खरोला आदि मौजूद रहे।

### केस दर्ज होने के बाद भी आरोपी पहुंचे भूमि पर

काशीपुर। कृषि भूमि पर अतिक्रमण करने और मारपीट के एक आरोपी ने केस दर्ज होने के बाद फिर भूमि पर पहुंचकर मजदूरों से अभद्रता की और काम रुकवाने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रामनगर रोड निवासी जितेंद्र अरोरा पुत्र स्व. ओमप्रकाश अरोरा ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। कहा कि खड़कपुर देवीपुरा में उसकी पैतृक कृषि भूमि है। जिस पर दो लोगों ने जालसाजी व मिलीभगत कर अतिक्रमण का प्रयास किया था। पीड़ित ने कहा कि इस विवाद के चलते उनके पिता ओमप्रकाश को गहरा मानसिक आघात पहुंचा था और बीते 21 अप्रैल को उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने 22 अप्रैल को जितेंद्र चावला व वरुण कुमार शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। एसडीएम की मौजूदगी में प्रशासन ने भूमि की पैमाइस कराई गई। जांच में शिकायत सही पाई गई और अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया था। आरोप है कि बीते 30 अप्रैल को जब पीड़ित हरिद्वार पिता की अस्थि विसर्जन के लिए गया था। तब आरोपी पक्ष के लोगों ने खेत पर पहुंचकर मजदूरों के साथ अभद्रता और धमकी दी। सूचना पर आईटीआई कोतवाली से पुलिस पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। जितेंद्र अरोरा ने बताया बीते 1 मई की दोपहर एक आरोपी अन्य व्यक्ति के साथ खेत पर पहुंचा और काम रुकवाने की धमकी दी। इस घटना की कुछ वीडियो क्लिप भी है। एसएसआई अरविंद बहुगुणा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### केदारनाथ धाम में यात्रियों की मदद को तत्पर पुलिस

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा के दौरान जिला पुलिस सुरक्षा के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सहायता में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। भीड़भाड़ के बीच पुलिस ने कई यात्रियों का खोया सामान तलाश कर उन्हें वापस सौंपा, जबकि बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया। गौरीकुंड में पुलिस ने अजमेर निवासी विकास मेहरा और मुंबई निवासी शिवम राव का खोया कीमती सामान ढूंढकर वापस किया। वहीं, पौड़ी गढ़वाल निवासी 65 वर्षीय सरोज देवी भीड़ में परिजनों से बिछड़ गई थीं, जिन्हें पुलिस टीम ने खोजकर परिवार से मिलाया। इसके अलावा धाम परिसर में एक बुजुर्ग महिला श्रद्धालु को भी पुलिस ने अनाउंसमेंट के माध्यम से परिजनों तक पहुंचाया। मंदिर परिसर में खोया बैग और एक श्रद्धालु का मोबाइल फोन भी बरामद कर वापस सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहायता पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हर यात्री को सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव मिले, इसके लिए पुलिस पूरी तत्परता से कार्य कर रही है।

### कोषा के पास दूसरे दिन भी बंद रहा मलारी हाईवे


रुद्रप्रयाग। चीन सीमा को जोड़ने वाला ज्योतिर्मठ-मलारी हाईवे कोषा के पास शुक्रवार से बंद पड़ा हुआ है। बीआरओ की जेसीबी मशीन लगातार मलबा हटाने में लगी हुई है। लेकिन बोल्डर इतने अधिक और भारी भरकम हैं कि उन्हें हटाने में काफी समय लग रहा है। शुक्रवार सुबह करीब छह बजे मलारी हाईवे पर कोषा गांव के नजदीक भारी भरकम चट्टान गिर गई। हाईवे बाधित होने से सीमांत क्षेत्र के ग्रामीणों व सेना के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई। 36 घंटे से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन अभी तक हाईवे खुलने का इंतजार किया जा रहा है। बीआरओ की जेसीबी मशीन शुक्रवार से ही मलबा हटाने में जुटी हुई है, देर रात तक काम करने के बाद शनिवार तड़के मशीन ने फिर काम करना आरंभ कर दिया। लेकिन जो बोल्डर गिरे हुए हैं वह भारी भरकम हैं। ऐसे में कई बोल्डरों को पहले तोड़ना पड़ रहा है, उसके बाद उनको वहां से हटाया जा रहा है। इससे हाईवे को खोलने में समय लग रहा है। एसडीएम चंद्रशेखर वशिष्ट ने बताया कि बीआरओ द्वारा हाईवे खोलने काम लगातार जारी है।

## मानसून से पहले उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात

### – सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम से एलर्ट का सफल परीक्षण

देहरादून। राष्ट्रीय स्तर पर आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा सी-डॉट द्वारा उत्तराखण्ड सहित पूरे देश में सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से सफल परीक्षण अलर्ट जारी किया गया। प्रातः 11 बजकर 46 मिनट पर यह अलर्ट संदेश प्रसारित किया गया। उत्तराखण्ड ने लगातार इस आधुनिक तकनीक को जल्द से जल्द लागू किए जाने के लिए केंद्र सरकार एवं संबंधित एजेंसियों के समक्ष प्रभावी पैरवी की थी। इस उपलब्धि पर माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

इस सफल परीक्षण के साथ ही राज्य में आपदाओं के दौरान आम जनमानस तक त्वरित एवं लक्षित चेतावनी संदेश पहुंचाने हेतु सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक का आधिकारिक तौर पर शुभारंभ हो गया है। इस तकनीक के माध्यम से




अब उत्तराखण्ड में किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र में स्थित मोबाइल उपभोक्ताओं को एक साथ अलर्ट भेजे जा सकेंगे। बता दें कि उत्तराखण्ड में आगामी मानसून सीजन से पहले ही इस तकनीक को लागू करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष अनुरोध पर इस प्रणाली का प्रथम परीक्षण भी उत्तराखण्ड में ही किया गया था। राज्य द्वारा उस परीक्षण के आधार पर महत्वपूर्ण तकनीकी एवं व्यवहारिक फीडबैक राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा सी-डॉट को उपलब्ध कराए गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तकनीक उत्तराखण्ड जैसे आपदा-संवेदनशील राज्य के लिए अत्यंत उपयोगी एवं वरदान सिद्ध होगी। विशेष रूप से चारधाम यात्रा एवं आगामी मानसून सीजन के दौरान इस प्रणाली का व्यापक उपयोग किया जाएगा, जिससे यात्रियों एवं स्थानीय निवासियों को समय रहते सटीक एवं प्रभावी चेतावनी उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर यह प्रयास किया गया कि मानसून प्रारंभ होने से पूर्व यह तकनीक राज्य को उपलब्ध हो, ताकि संभावित आपदाओं के प्रति जनमानस को समय रहते सचेत किया जा सके।

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने इस पहल को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक गेम-चेंजर बताते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के समुचित उपयोग से राज्य में आपदा जोखिम न्यूनीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक समय पर चेतावनी पहुंचाना अब संभव हो सकेगा, जिससे आपदाओं के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी और जनहानि में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी।

## साइकिल से चारधाम यात्रा पर निकले दून के तीन जांबाज

उत्तरकाशी। देहरादून के साइकिलिंग ग्रुप पहाड़ी पेडलर के तीन सदस्य हिमालय ग्लेशियर संरक्षण और कूड़ा प्रबंधन के लिए साइकिल से चारों धामों की यात्रा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने गंगोत्री और यमुनोत्री धाम यात्रा मार्ग पर स्थानीय लोगों सहित यात्रियों को जागरूक किया। दल यात्रा मार्ग पर स्थित स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का संदेश भी दे रहा है। बीते रविवार को दिनेश थपलियाल, सागर क्षेत्री और देबू थापा के अभियान को देहरादून से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान और कल्याण सिंह रावत मैथिली ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दल ने गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण का संरक्षण और हिमालय ग्लेशियरों को बचाना है।



दल के सदस्यों ने कहा कि इन ग्लेशियरों से ही गंगा और यमुना नदी निकलती हैं। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण के कारण ग्लेशियर पीछे खिसकने के साथ ही समाप्त हो रहे हैं। इससे आने वाले समय में देश में जलस्त्रोत समाप्त हो जाएंगे। हिमालय क्षेत्र बहुत ही संवेदनशील है। हम पर्यावरण को दूषित कर इसे प्रभावित कर रहे हैं और कूड़ा खुले में फेंक रहे हैं।

## लैंड फ्रॉड समिति ने धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा की



देहरादून । गढ़वाल कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में लैंड फ्रॉड समिति ने प्रदेश में भूमि से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों की गंभीर समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मामलों में धोखाधड़ी की पुष्टि हो चुकी है, उनमें तत्काल केस दर्ज किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि भूमि से संबंधित विवादों और धोखाधड़ी के मामलों की जांच पारदर्शी तरीके से की जाए। समिति ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। कमिश्नर पांडे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए,

### सीएम की घोषणा के नौ साल बाद भी नहीं बनी सड़क

उत्तरकाशी। ग्राम पंचायत खनेड़ा के ग्रामीणों की बैठक में सड़क निर्माण शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई गई। ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के नौ साल बीतने के बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू न होने पर सरकारी कार्यक्रमों का बहिष्कार करने की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने इस संबंध में एसडीएम के माध्यम से डीएम को ज्ञापन प्रेषित किया। खनेड़ा गांव में ग्राम प्रधान संगीता रावत की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत खनेड़ा के लिए मोटर मार्ग का वर्ष 2018 में सीएम घोषणा के तहत स्वीकृति मिली थी। नौ वर्ष बीतने के बाद भी निर्माण कार्य धरातल पर शुरू नहीं हो पाया है जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।उन्होंने जल्द ही जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू न करने पर सरकारी कार्यक्रमों का बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

## कांग्रेस की महंगाई,छात्रों के उत्पीड़न, कानून व्यवस्था पर आक्रोश रैली



देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई,छात्रों के उत्पीड़न, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था और बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर जन आक्रोश रैली निकाली। शनिवार को बल्लूपुर चौक से बल्लीवाला नाथ पैलेस तक विशाल जन आक्रोश रैली निकाली गई। रैली में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने लगातार बढ़ती महंगाई,छात्रों के उत्पीड़न, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था और बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर सरकार पर निशाना साधा। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि आज उत्तराखंड की जनता त्रस्त है। महंगाई आसमान छू रही है। रोजगार नहीं मिलने से बेरोजगार युवा निराश है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने में सरकार की उदासीनता बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आरोप लगाया कि लगातार पुलिस प्रशासन के द्वारा छात्रों के उत्पीड़न और अमानवीय व्यवहार की घटनाएं सामने आ रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड की पहचान शांति और सुरक्षा की रही है, लेकिन आज हालात चिंताजनक हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं और सरकार केवल मूकदर्शक बनी हुई है।

## यातायात नियम तोड़ने पर 36 चालान, सात वाहन सीज

अल्मोड़ा। 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान के तहत रानीखेत पुलिस ने शनिवार को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 36 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई, जबकि सात वाहनों को सीज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर जिलेभर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक रानीखेत भुवन चंद्र जोशी की मौजूदगी में एसएसआई बिशन लाल, उपनिरीक्षक बृजमोहन भट्ट, महिला उपनिरीक्षक हेमा कार्की और पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, त्रुटिपूर्ण दस्तावेज और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 36 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन



अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। वहीं रैश ड्राइविंग और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के मामलों में सात वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की हिदायत दी।

### संदिग्ध फाइल डाउनलोड करते ही खाते से उड़े 1.17 लाख रुपये

रुद्रपुर। रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप कोतवाली क्षेत्र में एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। व्हाट्सएप पर आई संदिग्ध फाइल डाउनलोड करते ही उसके बैंक खाते से 1.17 लाख रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिव सिटी कॉलोनी, ट्रांजिट कैंप निवासी आनंद कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 मार्च को उनके व्हाट्सएप पर एक एप्लीकेशन फाइल का मैसेज आया था, जिसे उन्होंने डाउनलोड कर लिया। अगले दिन 17 मार्च को उनके मोबाइल पर एसएमएस आया, जिसमें खाते से 1.17 लाख रुपये कटने की जानकारी मिली। पीड़ित के अनुसार, किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके खाते से यह रकम निकाल ली। उन्होंने इसकी शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर भी दर्ज कराई है।

## जिला मजिस्ट्रेट ने दो कुख्यात अपराधी किए जिला बदर

देहरादून। जिला मजिस्ट्रेट की ओर से अपराधियों पर सख्त रुख अख्तियार किया गया है। जनसामान्य में सुरक्षा की भावना को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत दो आदतन अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट सविन बंसल ने एसएसपी कार्यालय से प्राप्त आख्या एवं प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली विकासनगर की चालानी रिपोर्ट के आधार पर आसिफ पुत्र राशिद निवासी मुस्लिम बस्ती, चौकी बाजार के पीछे, कोतवाली विकासनगर के विरुद्ध कार्यवाही प्रारम्भ की। उक्त व्यक्ति के विरुद्ध आयुध अधिनियम सहित भारतीय दण्ड संहिता एवं भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में अनेक आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। आसिफ पर थाना विकासनगर में आर्मस एक्ट समेत कई केस दर्ज हैं। इसी प्रकार राहुल कश्यप पुत्र गोपाल कश्यप, निवासी कश्यप मोहल्ला, जीवनगढ़, कोतवाली विकासनगर के विरुद्ध चोरी, शस्त्र अधिनियम, आबकारी अधिनियम तथा भारतीय दंड संहिता/भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत कई आपराधिक मामले पंजीकृत हैं। बताया गया कि कई मामलों में लोग उसके विरुद्ध शिकायत अथवा साक्ष्य प्रस्तुत करने से भी कतराते हैं।

## डेढ़ दांत वाले लंगड़े हाथी की विभाग ने बढ़ाई निगरानी

हल्द्वानी। तराई केंद्रीय वन प्रभाग के टांडा रेंज में जंगली हाथियों की बढ़ती गतिविधियों ने स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। एक के बाद एक तीन लोगों की मौत के बाद वन विभाग ने अब एक विशेष हाथी पर अपनी नजरें टिका दी हैं, जिसकी पहचान डेढ़ दांत वाले लंगड़े हाथी के रूप में हुई है। वन क्षेत्राधिकारी रूप नारायण गौतम के अनुसार, हमला करने वाले हाथी की पहचान कर ली गई है। यह हाथी डेढ़ दांत वाला है और एक पैर से लंगड़ा है। इस विशिष्ट पहचान के बाद विभाग ने इसकी गतिविधियों पर विशेष नजर रखनी शुरू कर दी है। हाथियों का मूवमेंट अब जंगल से निकलकर आबादी वाले क्षेत्रों और खेतों की ओर बढ़ रहा है, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा गहरा गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संवेदनशील इलाकों में गश्त और निगरानी तेज कर दी गई है। वन क्षेत्राधिकारी के अनुसार, वर्तमान में हाथी प्रजनन उग्रता के दौर से गुजर रहे हैं। इस अवधि में नर हाथियों के भीतर होने वाले हामीनल बदलाव उनके व्यवहार को असामान्य रूप से उत्तेजित और आक्रामक बना देते हैं।

## खाद संकट पर कांग्रेस का प्रदर्शन, सोसायटी गेट पर तालाबंदी


रुद्रपुर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शक्तिफार्म बहुद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति कार्यालय में सांकेतिक तालाबंदी कर मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। इसके बाद समिति अध्यक्ष केपी मंडल को ज्ञापन सौंपा गया। शनिवार को कांग्रेसियों ने किसानों के साथ मिलकर यूरिया, डीएपी और एनपीके खाद वितरण से संबंधित कृषि निदेशालय के आदेश को निरस्त करने की मांग उठाई। किसानों का कहना है कि इस आदेश से उन्हें समय पर आवश्यकता के अनुसार खाद नहीं मिल पाएगी। उन्होंने सरकार पर तुगलकी फरमान जारी करने का आरोप लगाते हुए इसे किसानों के शोषण वाला आदेश बताया। किसानों ने मांग की कि पूर्व की भांति सोसायटियों के माध्यम से खाद वितरण की व्यवस्था बहाल की जाए। उनका कहना था कि खाद वितरण को नियंत्रित करना और प्रति एकड़ केवल एक कट्टा खाद देने का नियम खेती और किसानों के लिए नुकसानदायक



है। समिति अध्यक्ष कृष्णपद मंडल ने आश्वासन दिया कि किसानों को आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, प्रदेश सचिव नवतेज पाल सिंह, रंजीत मंडल, सुनील हाल्दार, बलवंत बोहरा, विष्णु तरफदार, शिव मंडल, रविंद्र बाइन, श्रीकांत मिस्त्री और विश्वजीत सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### नहीं थम रहा बंदरों का आतंक, वार्डवासी हो रहे परेशान



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के वार्डों में बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है, आए दिन बंदरों के झुंड आबादी क्षेत्र में आकर काश्तकारों की खेती को नुकसान पहुंचा रहे है, इसके अलावा लोगों के बगीचों में उगी साग सब्जी को चट कर रहे है, यहां तक कि बंदरों को भगाने पर उल्टा वे काटने को भी दौड़ रहे है। लालपानी निवासी चंद्रमोहन व सतीश ने बताया कि बंदरों के झुंड आबादी क्षेत्र में आकर भारी नुकसान पहुंचा रहे है, बंदरों के झुंड बगीचों में फलदार पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहे है। कहा कि बंदरों ने उनकी खेतों में उगी साग, सब्जी को चट कर दिया है। कहा कि कई बार संबंधित विभाग को बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की गई है, लेकिन अभी तक बंदरों को आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए ठोस उपाय नहीं किए गए है। इसी प्रकार से जंगल से सटे रामपुर, कुंभीचौड़, ग्रास्टनगंज, झंडीचौड़, ध्रुवपुर सहित कई वार्डों में यही स्थिति बनी हुई है। यही नहीं बदरों को भगाने पर उल्टा काटने को दौड़ रहे है। बंदरों के काटने से कई लोग घायल हो रहे है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से भी बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाने की मांग की है।

### पूर्व सैनिक ने लगाएं अवैध कनेक्शन जोड़ने के आरोप, जांच के आदेश

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** विकासखंड पाबौ के अंतर्गत चिपलगाट क्षेत्र में पेयजल कनेक्शन के लिए पूर्व सैनिक ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर मुख्य पेयजल लाइन से अवैध कनेक्शन जोड़ने के आरोप लगाए हैं। पूर्व सैनिक ने इस मामले में जिलाधिकारी, संबंधित विभाग और संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि जांच में अनियमितता पाई जाती हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रिवर्स पलायन के तहत अपने गांव लौटे पूर्व सैनिक गणेश प्रकाश ने क्षेत्र में पेयजल किल्लत के निस्तारण के लिए लंबा संघर्ष किया। इसके बाद जल संस्थान श्रीनगर ने चिपलगाट सीएसडी कैंटीन, 33 केवी पावर हाउस, स्थानीय मंदिर और आसपास के परिवारों के लिए एक छोटी पेयजल योजना वर्ष 2023-24 में स्वीकृत करते हुए नियमित पानी की आपूर्ति सुचारु की थी। गणेश प्रकाश का आरोप है कि बीते 27 अप्रैल को कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बिना विभागीय औपचारिकता पूरी किए ही मुख्य पेयजल लाइन से नया कनेक्शन जोड़ दिया। इससे मौजूदा आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई है। उन्होंने कहा कि वह पानी देने के विरोध में नहीं हैं, लेकिन मुख्य लाइन को काटकर कनेक्शन जोड़ना नियम विरुद्ध है। उनका कहना है कि यदि नए परिवारों को पानी देना है तो इसके लिए मुख्य टैंक से अलग व्यवस्था की जानी चाहिए।

### सैन्य सम्मान के साथ दी जवान को अंतिम विदाई

श्रीनगर गढ़वाल : बीएसएफ के जवान को यहां आईटीआई घाट पर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। पौड़ी जिले के पट्टी पैडलस्यूं के कमेड़ा गांव निवासी हेमंत (57) बीएसएफ में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में वह गुजरात के भुज में तैनात थे और पिता के देहांत होने के कारण छुट्टी पर घर आए हुए थे। शुक्रवार को उनके पिता की तेहरवीं भी थी। इसी दौरान अचानक हेमंत की तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में तत्काल परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। शनिवार को यहां अलकनंदा नदी में आईटीआई घाट के पास उनकी अंत्येष्टि सैन्य सम्मान के साथ की गई। एसएसबी के जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। घाट पर पहुंची बीएसएफ की टीम में शामिल इंस्पेक्टर पीके शर्मा ने बताया कि हेमंत बीएसएफ की 193 बटालियन में कांस्टेबल थे। वर्तमान में उनकी तैनाती भुज में थी और वह छुट्टी पर घर आए हुए थे। उनके बेटे अंकित ने बताया कि इस घटना से पूरा क्षेत्र आहत है। क्षेत्र में शोक की लहर है। (एजेंसी)

### अविरल नंदा रन में मीना ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : मुंदोली राइडर्स क्लब, देवाल (चमोली) की ओर से एक मई को लोहजंग में आयोजित अविरल नंदा रन में श्रीनगर की धावक मीना कंडारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 किमी. दौड़ में अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और एक बार फिर श्रीनगर का नाम रोशन हुआ है। गौरतलब है कि मीना कंडारी का यह लगातार दूसरा बड़ा प्रदर्शन है। इससे पूर्व उन्होंने पिछले सप्ताह आयोजित सूर्यदेवभूमि चैलेंज 113 किमी में द्वितीय स्थान हासिल किया था। उनके निरंतर बेहतर प्रदर्शन को लेकर खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। (एजेंसी)

### बिजल्वाण जिलाध्यक्ष तो भंडारी बनें जिला सचिव

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। पौड़ी की कार्यकारिणी में दीपक बिजल्वाण को जिला अध्यक्ष, प्रदीप रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिव दयाल भंडारी को जिला सचिव, शशि भूषण मैठाणी को जिला कोषाध्यक्ष, कल्पेश्वर भरतवाल को प्रवक्ता, सारथी जखमोला को संगठन मंत्री व भरत रावत को संप्रेक्षक चुना गया, जबकि वीरेंद्र सिंह नेगी को संरक्षक बनाया गया। कुसुम रावत, अनुपाल व नवीन कठैत को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ सलाहकार राकेश रावत ने शपथ दिलाई। इस मोकके पर प्रांतीय महासचिव महावीर सिंह चौहान ने कहा कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी लैब टेक्नीशियन संवर्ग के हितों के लिए संघर्ष करेगी और उच्च न्यायालय के ग्रेड पे 4200 रुपए संबंधी आदेश का अनुपालन करवाने में अग्रणी भूमिका निभाएगी। मौके पर संगठन को मजबूत करने और जनपद स्तर पर वेतन विसंगति दूर करने के लिए आंदोलन की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा और समर्पण का संकल्प लिया। (एजेंसी)


### फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : नगर क्षेत्र में उफल्ड से स्वीत पुत तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर फुट ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग उठी है। इस संदर्भ में सामाजिक कार्यकर्ता नरीलाल निर्वेद ने एनएच लोनिवि की सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा है।

# पुलिस पर लगाया उत्पीड़न का आरोप, युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## सतपुली के निकट रेपुर भिताड़ा पुल में रस्सी डालकर लगाई फांसी आत्महत्या करने से पूर्व सतपुली पुलिस पर लगाए उत्पीड़न के आरोप

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** सतपुली ग्राम रेतपुर निवासी एक युवक ने रतेपुर भिताड़ा पुल में रस्सी से लटककर आत्महत्या कर दी। युवक ने आत्महत्या करने से पूर्व सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी डाला। जिसमें उसने सतपुली पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। कहा कि पुलिस ने उसकी मोटर साइकिल को सीज कर दिया। फांसी लगाने के दौरान युवक ने हेलमेट पहना हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार को जांच सौंपी है। साथ ही थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया है। शनिवार सुबह लोगों को पुल पर रस्सी से लटकता हुआ शव



दिखाई दिया। हेलमेट पहनने के कारण शव की पहचान नहीं हो पा रही थी। जिसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर शव को नीचे उतारा। हेलमेट हटाने पर शव की पहचान ग्राम रेतपुर निवासी पंकज कुमार (20 वर्ष) पुत्र स्व. प्रकाश चंद के रूप में हुई। युवक ने फांसी लगाने से पूर्व सोशल मीडिया पर एक वीडिया भी डाला। जिसमें उसने सतपुली पुलिस पर उसकी मोटर साइकिल सीज करने व उत्पीड़न का आरोप लगाया। युवक की मौत व वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी सर्वेश पंवार ने मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार को सौंपी है। एसएसपी ने कहा कि घटना स्थल की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की गई है। चिकित्सकों के विशेष पैनल से पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। कहा कि मामले में कोई भी दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सतपुली थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि उक्त युवक शराब के नशे में मोटर साइकिल चला रहा था। उसने एक व्यक्ति को भी टक्कर मारी। जिसके बाद उसकी मोटर साइकिल को सीज कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पंकज गुजरात में प्राइवेट नौकरी करता था। 25-26 अप्रैल को उसकी बड़ी बहन की शादी थी। जिसके लिए वह घर आया हुआ था। पंकज के पिता प्रकाश चंद्र की कोरोनाकाल के समय मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद पंकज के कांधों पर ही पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। पंकज की एक नौ वर्ष की छोटी बहन है।

## जिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में आरसीडी बना चैंपियन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जिला बास्केटबॉल संघ पौड़ी के तत्वावधान में आरसीडी पब्लिक स्कूल, कोटद्वार में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-18 बालक एवं बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के 12 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान बास्केटबॉल में आरसीडी चैंपियन रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुमन कोटनाला उपस्थित रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में टीसीजी पब्लिक स्कूल ने शानदार खेल दिखाते हुए कॉन्वेंट स्कूल को 12-8 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रधानाचार्य सीमा ढौंडियाल द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें आरसीडी पब्लिक स्कूल ने श्रीनगर टीम को 27-24 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि सुमन कोटनाला द्वारा ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए। जबकि, उपविजेता श्रीनगर टीम को विद्यालय के संस्थापक सुरेश चंद्र ढौंडियाल ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का पुरस्कार बालक वर्ग में श्रीनगर के अनिरुद्ध को विद्यालय के डायरेक्टर कनिष्क ढौंडियाल द्वारा प्रदान किया गया। वहीं बालिका वर्ग में यह सम्मान कॉन्वेंट स्कूल की श्रुति भंडारी को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सुनील रावत ने सम्मानित किया। इस मौके पर आयोजक एवं जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव विष्णु प्रसाद चमोली, निर्णायक आर्यन ध्यानी, शारीरिक शिक्षक सतीश मौर्या, हृतिक नेगी, मोहम्मद आसिफ, सिद्धार्थ रावत आदि मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने किया टीईटी अनिवार्यता के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद के राजकीय जूनियर हाईस्कूलों में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी विभिन्न मांगों के लिए चरणबद्ध आंदोलन का शुरू कर दिया है। पांच चरणों में प्रस्तावित इस आंदोलन के पहले चरण में शिक्षक काला फीता बांधकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं।

यह चरण 10 मई तक जारी रहेगा। आंदोलन के अगले चरणों में 12 मई से ब्लॉक स्तर पर धरना, 18 मई को जिला मुख्यालयों पर हुंकार रैली, 29 मई को निदेशालय में एक दिवसीय धरना और आठ जून को देहरादून में गर्जना रैली आयोजित की जाएगी।

शिक्षक लंबे समय से 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता से मुक्त रखने समेत 13 सूत्री मांगों के समाधान की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में शनिवार को जिलेभर के स्कूलों में शिक्षकों ने काला फीता बांधकर विरोध दर्ज कराया।

राजकीय जूनियर हाईस्कूल (पूमा) शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भगत सिंह भंडारी और जिला महामंत्री भोपाल सिंह रावत ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत प्रारंभिक शिक्षा में कार्यरत शिक्षकों के लिए सेवा में बने रहने और पदोन्नति के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। इस आदेश के अनुपालन के लिए दो वर्ष की समय सीमा निर्धारित है, जिससे प्रदेश के लगभग 15 हजार शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। कहा कि 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए विभागीय परीक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए।

## शिविर में 200 से अधिक मरीजों की जांच की

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : स्व. राधा देवी वेलफेयर ट्रस्ट ने शनिवार को राठ महाविद्यालय पैठाणी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस दौरान रक्तचाप और रक्त शुगर की भी जांच की गई। जांच के बाद मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गईं। ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय रावत ने बताया कि शिविर में महिला रोग, बाल रोग और हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल रहे। विशेषज्ञों की टीम ने आधुनिक मशीनों से मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। इस शिविर में 200 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इस मौके पर डॉ. समब्यूल ताज, डॉ. एसपी गुप्ता, डॉ. मुदित कुमार सिंह, डॉ. राजकुमार नेगी, डॉ. सलीम, डॉ. नदीम, डॉ. रजनीश, डॉ. दर्शना बानों आदि मौजूद रहे।

## टैलेंट हंट में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** डीएवी पब्लिक स्कूल में टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने नृत्य, संगीत, गायन व कविता पाठ के माध्यम से अपने हुनर का प्रदर्शन किया। जिसमें लोक गीतों पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने किया। सर्वप्रथम विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के लोकगीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात गायन, कविता पाठ, अभिनय व योग जैसी विभिन्न प्रकार की विधाओं का प्रदर्शन कर अपने अंदर छिपी कला का परिचय दिया।

विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने लोकगीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर अभिभावकों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा को पहचानने का अवसर मिलता है। इस मौके पर पीयूष प्रसाद, सृजल बिष्ट, तान्या रावत, रंजना सहित समस्त शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रही।

## एपीएस के विद्यार्थियों ने किया ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन के विद्यार्थियों ने ओलंपियाड 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में कुल 115 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान विषयों में भाग लिया।

कक्षा 7 के विकल्प अग्रवाल ने सामान्य ज्ञान विषय में उत्तराखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि कक्षा 1 की मायरा पटेल ने हिंदी विषय में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। कक्षा 7 की अपर्णा अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीता। अंग्रेजी विषय में 13 विद्यार्थियों ने भाग लेकर 5 स्वर्ण, 3 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीता। हिंदी विषय में 4 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 1 स्वर्ण, 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक हासिल किया। गणित विषय में 43 विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए 5 स्वर्ण, 2 रजत एवं 2 कांस्य पदक जीते, जबकि विज्ञान विषय में 30 विद्यार्थियों ने भाग लेकर 4 स्वर्ण, 5 रजत एवं 3 कांस्य पदक प्राप्त किए। सामान्य ज्ञान में 8 विद्यार्थियों ने भाग लिया,




जिसमें 2 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक जीता। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

## अपात्र राशन कार्ड धारकों के कार्ड होगें निरस्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : खाद्य पूर्ति विभाग ने उत्तराखंड व यूपी में राशन कार्डों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वालों का सत्यापन करना शुरू कर दिया है। विभाग ने कार्ड धारकों से निर्धारित मानकों के अनुरूप पात्र नहीं होने पर राशन कार्ड जमा करने की अपील की है। विभाग के अनुसार दोनों प्रदेशों से राशन कार्ड का लाभ लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



डीएसओ अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत अपात्र राशन कार्ड धारकों के राशन कार्ड निरस्त किए जाएंगे। अभियान के दौरान अपात्र पाए जाने वाले उपभोक्ताओं पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत वसूली भी की जाएगी। बताया कि सत्यापन अभियान शासन के निर्देशों के अनुसार चलाया जा रहा है। उन्होंने कार्डधारक को निर्धारित मानकों के अनुरूप पात्र नहीं होने पर स्वयं अपना राशनकार्ड जमा करने को कहा है। कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के उपभोक्ता क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय या ग्राम पंचायत विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में छात्र—छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा




### विविध प्रतियोगिताओं का हुआ भव्य आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार , राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में छात्र संघ सप्ताह के अंतर्गत शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी. एस. नेगी के संरक्षण एवं छात्र संघ प्रभारी सुशील चंद्र बहुगुणा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत "साइबर अपराध एवं इसके दुष्परिणाम" विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्र—छात्राओं ने समसामयिक मुद्दों पर निबंध प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में दीक्षा बलोदी ने प्रथम, अक्षी ने द्वितीय तथा आयुश्री तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की संयोजक डॉ. रंजना सिंह रहीं, जबकि निर्णायक मंडल में डॉ. प्रियम अग्रवाल, डॉ. अमित गौड़ एवं डॉ. विजय लक्ष्मी शामिल रहे।

रंगोली प्रतियोगिता में रचनात्मकता और सौंदर्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। उन्नति रावत ने प्रथम, स्वाति ने द्वितीय तथा नंदिनी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की संयोजक डॉ. नीता भट्ट रहीं तथा निर्णायक मंडल में डॉ. सुरभि मिश्रा, डॉ. मीनाक्षी वर्मा एवं ममता रावत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक रैंप वॉक रहा, जिसमें उत्तराखंड की पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से स्थानीय संस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की गई। प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ कैटवॉक करते हुए परिधानों में संस्कृति को जीवंत कर दिया। महिला वर्ग में दीक्षा धस्माना ने प्रथम, आक्षी ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं पुरुष वर्ग में हितेश ने प्रथम तथा सौरभ रावत ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. जूनीश कुमार रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. चंद्र प्रभा भारती, डॉ. वर्षा सिंह, डॉ. एश्वर्या राणा एवं डॉ. हीरा सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो. बी. सी. शाह, छात्र संघ सह—प्रभारी डॉ. संदीप कुमार, डॉ. डी. बी. सिंह, डॉ. श्रद्धा सिंह, श्री शेखर मैठाणी, डॉ. संदीप किमोठी, अरविन्द दुदपुड़ी, श्री उमेश कुगशाल सहित छात्र संघ अध्यक्ष विकास कुमार, निष्ठा, स्वाति, शुभम सुयाल, खुशबू, आक्षी, स्वाति गैरोला देवाशीष एवं अंकुश घिल्डियाल समेत अनेक छात्र—छात्राएं उपस्थित रहे।

### कॉमर्शियल सिलिंडर के दाम बढ़ाने का किया विरोध

श्रीनगर गढ़वाल :एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के वरिष्ठ कार्यकर्ता डा. मुकेश सेमवाल ने एलपीजी की कीमतों में भारी वृद्धि पर विरोध जताया है।



### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राईविंग लाईसेंस संख्या UK-1520110013850 में मेरा नाम नवीन कुमार नेगी दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम नवीन सिंह नेगी है, जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। मैं उक्त ड्राईविंग लाईसेंस में अपना सही व वास्तविक नाम नवीन सिंह नेगी दर्ज कराना चाहता हूं। अतः मेरे उक्त ड्राईविंग लाईसेंस संख्या UK-1520110013850 में मेरा सही व वास्तविक नाम नवीन सिंह नेगी दर्ज किया जाय।

**नवीन सिंह नेगी पुत्र बीरेन्द्र सिंह नेगी निवासी रतनपुर, पट्ट्ट सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0510/21)


## नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य पर ध्यान दें विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** विद्यार्थियों व युवाओं को जागरूक करने के लिए पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस की ओर से हैप्पी होम स्कूल में कानून की पाठशाला आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों को नशा, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा सहित अन्य नियमों की जानकारी दी गई।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यशाला में पुलिस क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल ने विद्यार्थियों को जानकारी दी। कहा कि लगातार बढ़ते साइबर अपराध के प्रति समाज का जागरूक होना अति आवश्यक है। किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी न दें। किसी भी अंजान ऐप को अपनी निजी जानकारी शेयर न करें। किसी भी तरह की साइबर ठगी होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें। कार्यशाला में बच्चों को यातायात




कोटद्वार के हैप्पी होम स्कूल में आयोजित कार्यशाल में भाग लेते विद्यार्थी

नियमों की भी जानकारी दी गई। कहा कि लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण नियमों की अनदेखी ही है। इसलिए बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहन न चलाएं। कार्यशाला में नशे से दुष्परिणाम भी बताए गए। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हम सभी को एक खिलाफ एकजुट होकर अभियान चलाया होगा। साइबर सेल प्रभारी कमलेश शर्मा ने कहा कि समाज को जागरूक करने के लिए बच्चों को भी आगे आना चाहिए। हमारी जिम्मेदारी है कि कार्यशाला में मिली जानकारी को हम अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं।



## कार्यालय- नगर पंचायत थलीसैंण पौड़ी गढ़वाल

ई-मेल-conpthalisain@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

नगर पंचायत थलीसैंण द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय द्वारा गठित टीम द्वारा किये गये सर्वेक्षण के आधार पर निकाय क्षेत्रान्तर्गत समस्त 04 वार्डों को खुले में शौच मुक्त प्लस (ODF) घोषित किया जाता है, इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो यह नगर निकाय के कार्यालय में 07 दिवसों के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकता है, निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**श्री दीपक प्रताप**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत थलीसैंण**
**पौड़ी गढ़वाल।**

**श्रीमती वीरा देवी**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत थलीसैंण**
**पौड़ी गढ़वाल।**

## एक नजर

### टेंडर में उलझी सिटी बस सेवा, शर्तों में फंसी नगर पालिका

नई टिहरी। नगर पालिका नई टिहरी की सिटी बस सेवा शुरू करने की योजना पिछले चार माह से टेंडर प्रक्रिया में उलझकर रह गई है। जटिल शर्तों और तकनीकी अड़चनों के चलते कोई भी ठेकेदार आगे नहीं आ रहा जिससे नगरवासियों को सिटी बस सुविधा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। विधायक निधि से बीते दिसंबर माह में नगर पालिका नई टिहरी को सिटी बस खरीदने के लिए 23 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई थी। नगर क्षेत्र के लोगों को नई टिहरी, बौराड़ी, भागीरथीपुरम, कोटी कॉलोनी, चंबा और बादशाहीथौल क्षेत्र के बीच नियमित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सिटी बस का संचालन किया जाना था। अब तक नगर क्षेत्र में सिटी बस सुविधा न होने के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन दिनों चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद अधिकांश बसें यात्रा मार्गों पर संचालित हो रही है जिससे स्थानीय रूट पर बसों की कमी और बढ़ गई है। ऐसे में लोगों को नगर के आसपास क्षेत्रों में जाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। सिटी बस क्रय करने लिए पालिका ने पहली बार ऑफलाइन टेंडर आमंत्रित किया था लेकिन उस पर आपत्तियां लगने के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई थी। इसके बाद ऑनलाइन टेंडर जारी किए गए। पहली बार तीन ठेकेदारों ने आवेदन किया लेकिन वे निर्धारित शर्तों को पूरा नहीं कर पाए और टेंडर निरस्त करना पड़ा। दूसरी बार दो आवेदकों ने आवेदन किया लेकिन वे भी नियमों पर खरे नहीं उतर पाए। चार माह बीतने के बाद भी बस खरीद की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। लोग लंबे समय से सिटी बस सेवा शुरू होने की उम्मीद लगाए बैठे थे लेकिन बार–बार टेंडर निरस्त होने से उनकी उम्मीदों को झटका लगा है।

### गदेरे का पानी खेतों में घुसा, गेहूं की फसल बरबाद

नई टिहरी। सीमांत गेंवाली गांव में बारिश से गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। बागी और खरसाडा तोक गदेरा उफान पर आने से पानी खेतों में घुस गया जिससे गेहूं की फसल बरबाद हो गई। गेंवाली के पूर्व ग्राम प्रधान बचन सिंह रावत ने बताया कि शनिवार अपराह्न तीन बजे के लगभग क्षेत्र में एकाएक झमाझम बारिश हुई। बारिश होते ही बागी और खरसाडा तोक गदेरा उफान पर आ गया। गदेरे का पानी सीधे गेहूं की खेतों में जा घुसा। खेतों में तैयार गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया 22 अगस्त 2024 और 28 अगस्त 2025 को क्षेत्र में बादल फटने से गेंवाली गांव में खेतों को भारी नुकसान पहुंचा था। गदेरे से 43 परिवार खतरे की जद में आ गए थे। तब से प्रभावित परिवारों का पुनर्वास करने की मांग की रही है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। गदेरे के आसपास बाढ़ सुरक्षा कार्य भी नहीं कराए गए। हर बरसात में गदेरा खतरे का कारण बन जाता है लेकिन प्रशासन की ओर से स्थायी समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। इससे लोगों में आक्रोश है। उन्होंने नुकसान का सर्वे कर जल्द प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग की।

### बदरीनाथ धाम में उमड़ने लगे श्रद्धालु

चमोली। बदरीनाथ मंदिर के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का रैला उमड़ने लगा है। श्रद्धालु बदरीनाथ भगवान के दर्शनों के बाद ब्रह्मकपाल में अपने पितरों को तर्पण देने पहुंच रहे हैं। शनिवार को बदरीनाथ मंदिर में 12779 श्रद्धालु दर्शनों को पहुंचे। अभी तक मंदिर में 127209 श्रद्धालु बदरीनाथ भगवान के दर्शन कर चुके हैं। बदरीनाथ धाम में पहुंच रहे श्रद्धालु यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ भी उठा रहे हैं। मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान ने बताया कि बदरीनाथ मंदिर में दर्शनों की बेहतर व्यवस्था की गई है, जिससे तीर्थयात्री सुगमता से दर्शन कर रहे हैं। श्रद्धालु बदरीनाथ मंदिर के दर्शन करने के बाद बदरीनाथ क्षेत्र में अन्य तीर्थस्थलों के दर्शनों के लिए भी पहुंच रहे हैं।

### 13 साल से क्षतिग्रस्त पड़ी मंगरोली सिंचाई नहर

गोपेश्वर। नगर पंचायत नंदप्रयाग के समीप मंगरोली गांव की सिंचाई नहर पिछले 13 साल से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। ग्रामीण अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। वर्ष 2013 में नंदाकिनी नदी में बाढ़ आने से मंगरोली सिंचाई नहर क्षतिग्रस्त हो गई थी। तब से ग्रामीण अपने खेतों की सिंचाई के लिए बारिश पर ही निर्भर रहते हैं। मंगरोली गांव में 90 से अधिक परिवार निवास करते हैं। पूर्व ग्राम प्रधान तेजवीर कंडेरी, महिला मंगल दल अध्यक्ष सुशीला देवी, शकुंतला, सुनील कंडेरी, आनंद सिंह झिंक्वाण, दीपक भंडारी, आनंद कंडेरी, अनिल और भरत सिंह का कहना है कि गांव की सिंचाई नहर लघु सिंचाई विभाग के संरक्षण में है। कई बार विभागीय अधिकारियों को कहने के बावजूद नहर का सुधारीकरण कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने शीघ्र नहर की मरम्मत करने की मांग उठाई है।

### वाण में 25 से अधिक महिलाएं करेंगी कुटकी का उत्पादन

चमोली। चमोली जिले के देवाल ब्लॉक के वाण गांव में महिलाएं कुटकी उत्पादन के जरिए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। जिलाधिकारी और सीडीओ चमोली के निर्देश पर ग्रामोत्थान परियोजना (रीप) इस पहल को आगे बढ़ा रही है। रीप ने ग्राम संगठन से जुड़ी पांच महिला समूहों की करीब 25 महिलाओं को इस योजना से जोड़ा है और इसके लिए छह लाख रुपये की सहयोग राशि भी प्रदान की है। परियोजना के तहत सबसे पहले जड़ी–बूटी एवं अनुसंधान से एक समूह को कुटकी के पौधे दिए जाएंगे, जिन्हें नर्सरी में तैयार कर अन्य समूहों में वितरित किया जाएगा। रीप उत्पादन के लिए पौधे, उपकरण, वॉशिंग और पैकेजिंग मशीन के साथ–साथ खरीदार की भी व्यवस्था करेगा। महिलाएं उपकरणों की मदद से कुटकी का पाउडर तैयार करेंगी, जिसे हिलांस ब्रांड के नाम से बेचा जाएगा। रीप के सहायक प्रबंध सेल्स ताजबर गुसाईं के अनुसार कुटकी की कीमत लगभग 1150 रुपये प्रति किलो है और एक परिवार एक सीजन में करीब 50 किलो उत्पादन कर सकता है।

### केदारनाथ यात्रा मार्ग पर 534 कार्मिक दिन रात कर रहे निगरानी

रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने के लिए यात्रा मार्ग पर विभिन्न विभागों के 534 से अधिक कार्मिक तैनात किए गए हैं। ये टीमें यात्रा मार्ग के प्रमुख पड़ावों सोनप्रयाग, गौरीकुंड, जंगलचट्टी, भीमबली, छोटी लिनचोली, लिनचोली, रुद्रा प्वाइंट, बेस कैंप, केदारनाथ हेलीपैड तथा केदारनाथ धाम तक 24 घंटे सेवाएं दे रही हैं। तैनाती में पुलिस विभाग के 224, फायर सर्विस के 11, पुलिस कम्युनिकेशन के 10, एसडीआरएफ के 43, डीडीआरएफ के 7, एनडीआरएफ के 51, होमगार्ड के 33, पीआरडी के 34, यात्री पर्यटन मित्र के 17, खच्चर टास्क फोर्स के 47, आपदा मित्र के 17 और वाईएमएफ के 26 कार्मिक शामिल हैं। इसके अलावा पीएसी की तीन प्लाटून और एक सेक्शन भी लगाया गया है। प्रशासन ने 14 सेक्टर व सब–सेक्टर अधिकारियों को भी निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी है।

# वाल्मीकि समाज के बीच पहुंचकर सुने समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को वाल्मीकि समाज के बीच पहुंचकर उनकी समस्या सुनने के निर्देश दिए।

नगर निगम सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। मकवाना ने कहा कि वाल्मीकि समाज व सफाई कर्मियों के हितों को लेकर सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। ऐसे में हर व्यक्ति तक सरकारी योजनाएं पहुंचे यह जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की भी है। मकवाना ने नगर निगम में आउटसोर्स के कर्मचारियों को कम वेतन दिए जाने पर भी नाराजगी जताई। कहा कि उन्हें भी भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुसार ही निर्धारित वेतन दिया जाए। कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को इपीएफ, ईएसआई सहित सुरक्षा उपकरण



नगर निगम सभागार में विभागों की समीक्षा बैठक लेते भगवत प्रसाद मकवाना।

उपलब्ध करवाना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर आयुक्त को शासनादेश के अनुसार 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके स्वच्छता कर्मचारियों को नियमित करवाए जाने, रिक्त पदों के अनुसार स्थाई पर्यवेक्षक बनाने नगर निगम के कर्मचारियों को भूमि व आवास की सुविधा उपलब्ध करवाए जाने की कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि नगर निगम के माध्यम से आवंटित दुकानों में वाल्मीकि समाज के लोगों को भी वरीयता दी जाए। इस मौके पर नगर आयुक्त पीएल शाह, उपजिलाधिकारी संदीप कुमार, सहायक नगर आयुक्त चंद्रशेखर शर्मा, अजय अष्टवाल, सफाई निरीक्षक सुनील सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जाखधार के समीप पलटा ट्रक, चार घंटे बाधित रहा यातायात



नई टिहरी। टिहरी–श्रीनगर मार्ग पर शनिवार सुबह जाखधार के समीप एक ट्रक सड़क पर पलटने से चार घंटे तक यातायात बाधित रहा जिससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने दोपहर एक बजे के लगभग कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक को किनारे का यातायात बहाल कराया। सुबह करीब 9 बजे जाखधार–पौखाल के बीच सीमेंट से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया था। ट्रक में सवार चालक और परिचालक सुरक्षित बच निकले। घनसाली थानाध्यक्ष अजय कुमार जाटव ने बताया कि ट्रक पलटने से मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया गया था। पुलिस ने यातायात डायवर्जन करते हुए नई टिहरी व चंबा से श्रीनगर जाने वाले वाहनों को टिपरी से वाया हिंडोलाखाल होते हुए देवप्रयाग जबकि मलेथा से चंबा व नई टिहरी आने वाले वाहनों को देवप्रयाग की ओर डायवर्ट किया जिसके बाद ट्रक को हाईवे से हटाने की कार्रवाई की गई। अपराह्न करीब डेढ़ बजे ट्रक को साइड कर यातायात सुचारू कराया।

## आईएचएमएस के दस छात्रों का हुआ फाइव स्टार होटल में कैंपस सलेक्शन



### रेडशन ब्लू टॉवर्स में बेहतर पैकेज के लिए, छात्रों ने मनाई खुशी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज कोटद्वार में बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (बीएचएम) कोर्स आमें, अंतिम वर्ष की शिक्षा ले रहे 10 छात्रों का देश के जाने माने पांच सितारा होटल रेडशन ब्लू टॉवर्स में चयन हुआ है। नौकरी मिलने पर छात्रों और उनके परिजनों में खुशी का माहौल है। बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने बताया कि कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट सेलेक्शन के तहत गत दिनों रेडशन ब्लू टॉवर्स कोशांभी दिल्ली एनसीआर के सीनियर एचआर मैनेजर ने अलग अलग राउंड में बीएचएम के छात्रों का साक्षात्कार लिया। जिसके बाद छात्र आयुष जोशी, तुषार बिष्ट, आशीष रावत, अंश बिष्ट, सुमित सिंह पटवाल, शिवम गुसाईं, शांतनु नेगी, अनूप भंडारी, नितिन और शुभम का चयन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने बताया कि कॉलेज में क्षेत्र के युवाओं की बेहतरीन शिक्षा के लिए आधुनिक शिक्षा प्रणाली विकसित की गई है। जिसके कारण भारत सरकार की एजेंसी नेशनल एसेसमेंट काउंसिल (नैक) ने उन्हें बी ग्रेड की मान्यता दी है। नेक की रेटिंग मिलने के बाद अब देश की जानी मानी कंपनियां प्लेस्मेंट के लिए आईएचएमएस कैंपस में आ रही हैं। कहा कि छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए अन्य कंपनियों से भी अनुबंध किए जा रहे हैं।

## हवन की पूर्णाहुति के साथ भागवत कथा संपन्न



**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** सतपुली क्षेत्र के ग्राम मलेठी में क्षेत्र के गरीबों के हितेषी कहे जाने वाले प्रमुख समाजसेवी स्व. ठाकुर सुंदर सिंह चौहान की प्रथम पुण्यतिथि पर मलेठी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन शनिवार को श्रद्धा व भक्ति के वातावरण में हवन पूर्णाहुति संपन्न हुई। इन सात दिवसों में गहन आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। कथावाचक हिमांशु गैरोला ने कथा समापन अवसर पर कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सत्कर्म, भक्ति व सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कहा कि कथा श्रवण से मन शुद्ध होता है, समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। रोज कथा श्रवण करने सतपुली के आसपास क्षेत्रों से ही नहीं बल्कि टिहरी, पौड़ी, कोटद्वार, देहरादून आदि स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु पहुंचे और व्यासपीठ पर कथावाचक हिमांशु गैरोला से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा सुनने वालों में शंकर मठ के महामंडलेश्वर दिनेशानंद महराज, महंत स्वामी विश्वनंद महाराज, कोटद्वार मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, कांग्रेस प्रदेश सचिव कवींद्र इष्टवाल, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह असवाल, हेमंवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्व विद्यालय श्रीनगर लोक कला संस्कृति निष्पादन केंद्र निर्देशक गणेश खुगशाल गणि, जिला रेड सोसाइटी के सचिव केशर सिंह असवाल, पूर्व दर्जाधारी भूपेंद्र सिंह लिंगवाल, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख सुरेन्द्र सिंह मियां, समाजिक कार्यकर्ता आर पी नैथानी, बंधुवर सेवा समिति अध्यक्ष माया देवी आदि उपस्थित रहे। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन कर्ता त्रिलोक सिंह चौहान, कनिष्ठ पुत्र जितेंद्र सिंह चौहान नगर पंचायत अध्यक्ष सतपुली ने कथा श्रवण करने आए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# पौड़ी में शुरू हुआ स्तन कैंसर स्क्रीनिंग अभियान

### 27 महिलाओं की हुई ब्रेस्ट स्क्रीनिंग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में स्तर कैंसर की समय पर पहचान और महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्तर कैंसर स्क्रीनिंग अभियान शुरू हो गया है। शनिवार को जिला अस्पताल पौड़ी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारुल गोयल की उपस्थिति में स्तन कैंसर स्क्रीनिंग अभियान की शुरुवात की गई। अभियान का उद्देश्य समय रहते बीमारी की पहचान कर उपचार को संभव बनाना है। शनिवार को जिला चिकित्सालय पौड़ी में 16 और उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर में 11 महिलाओं की ब्रेस्ट स्क्रीनिंग की गई।इस दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निहारिका ने चिकित्सालय में मौजूद महिलाओं को स्तन कैंसर के लक्षणों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर के लक्षणों में स्तन में गांठ, बगल में गांठ, स्तन में दर्द, निप्पल से खून का रिसाव, स्तन में लाली, स्तन या स्तन के ऊपर त्वचा के आकार व बनावट में बदलाव हो सकता। कहा कि यदि महिला को इन लक्षणों में किसी भी तरह की कोई परेशानी हो तो उसे तुरंत चिकित्सक को दिखाना चाहिए, क्योंकि यदि समय पर स्तन कैंसर का




पता चल जाए तो दवाइयों से स्तन कैंसर का उपचार किया जा सकता है, जिन महिलाओं की असंतुलित दिनचर्या, मोटापा, हार्मोंस में गड़बड़ी रहती है उन्हें स्तन कैंसर का खतरा अधिक रहता है। उन्होंने कहा कि देश में स्तन कैंसर मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, यदि स्तन कैंसर के बारे में जल्दी पता चल जाता है तो इसके इलाज की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को इसके लिए समय-समय पर जांच कराते रहना चाहिए। साथ ही मोनोपॉज के बाद भी स्तन कैंसर के होने के चांस अधिक रहते हैं, जिसके लिए महिलाओं को माहवारी के 01 सप्ताह या 10 दिन के बाद अपनी जांच अवश्य करनी चाहिए। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम. राजीव रावत, जिला डाटा मैनेजर मनीष भट्ट, नर्सिंग अधिकारी रूपा, एन.टी.सी.पी. काउंसलर दुर्गा नेगी, शकुंतला नेगी, उषा देवी, पूजा, रेखा आदि मौजूद रहे।


### मंगलवार को शुक्रवार को होगी जांच

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारुल गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चिकित्सालय पौड़ी और उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर में स्तन कैंसर स्क्रीनिंग अभियान की शुरुवात की गई है। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को यह सुविधा उपलब्ध रहेगी।

उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर स्क्रीनिंग के लिए उषा किशन फाउंडेशन देहरादून द्वारा प्रदत्त आई ब्रेस्ट डिवाइस से आसानी से महिलाओं के स्तनों में यदि कोई गांठ आदि की समस्या हो तो इस डिवाइस के द्वारा आसानी से जांच की जा सकती है। प्रमुख अधीक्षक डॉ. एल.डी सेमवाल ने बताया कि ओ.एन.जी.सी. द्वारा जिला चिकित्सालय पौड़ी को 25 लाख के विभिन्न स्वास्थ्य उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं जो कि चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण व आम जन को बेहतर स्वास्थ्य एवं स्क्रीनिंग में उपयोग होंगे।

## सैकोट गांव में सिंचाई नहर पड़ी एक साल से क्षतिग्रस्त

चमोली, दशोली विकास खंड के सैकोट सहित समीपवर्ती गांवों के खेतों की सिंचाई के लिए निर्मित सिंचाई नहर पिछले एक वर्ष से क्षतिग्रस्त पड़ी है। लोग अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। नहर का मुख्य स्त्रोत क्षतिग्रस्त होने के कारण नहर सूखी पड़ी है। नहर के सुधारीकरण को लेकर काश्तकारों ने जिलाधिकारी से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि जल्द नहर की मरम्मत नहीं हुई तो धान की रोपाई करना भी मुश्किल हो जाएगा। सैकोट गांव धान और गेहूं की बेहतर उपज के लिए जाना जाता है। गांव के 300 से अधिक परिवारों के खेत गांव क इर्दगिर्द स्थित हैं। विगत वर्ष अगस्त माह में अतिवृष्टि के दौरान सैकोट सिंचाई नहर के मुहाने पर मलबा आने से नहर कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत सिंचाई विभाग के अधिकारियों से की मगर इस ओर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। ग्राम प्रधान मंजू रावत, जिला पंचायत सदस्य विपिन फरस्वाण, विक्रम सिंह, नंदन सिंह, विरेंद्र सिंह और गौरव रावत ने



जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि इस नहर से सैकोट, घुड़साल, देवर कंडेरी और सोनला गांव के खेतों की सिंचाई के लिए पानी की सप्लाई होती है। सैकोट के टेंटुणा तोक के डुंगी गदेरे में नहर क्षतिग्रस्त पड़ी है। कहा गया कि अभी तक नहर की मरम्मत नहीं हो पाई है, जिससे काश्तकार परेशान हैं। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने इस संबंध में सिंचाई विभाग के ईई से वार्ता कर शीघ्र नहर की मरम्मत करने के निर्देश दिए।

### थराली पुलिस ने हरिद्वार से दो स्कूली किशोरों को सकुशल बरामद किया

चमोली। थराली पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल के तहत घर छोड़कर गए दो स्कूली किशारों को हरिद्वार से सकुशल ढूंढ निकाला व शनिवार को उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी त्रिवेंद्र सिंह राणा ने बताया कि चौंडा गांव के 14 वर्षीय दो किशोर 23 अप्रैल को स्कूल गए थे पर घर नही लौटे। उनके पिता ने 24 अप्रैल को थराली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बच्चों के दोस्तों ने बताया कि वे स्कूल से नाम कटने और माता–पिता द्वारा घर न लौटने की बात कह रहे थे। पुलिस टीम ने 150 सीसीटीवी कैमरों और कई होटलों की जांच की। सर्विलांस टीम की मदद से आठ दिन बाद एक मई को उन्हें हरिद्वार के भूपतवाला स्थित एक ढाबे से बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक चमोली और क्षेत्राधिकारी कर्णप्रयाग के निर्देश पर ग्वालदम और नारायणबगड़ की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। बच्चों को वापस पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## चारधाम यात्रा में दूरस्थ क्षेत्रों की बस सेवाएं प्रभावित

चमोली। चारधाम यात्रा में उत्तराखंड परिवहन निगम की 22 में से 15–16 बसें लगाए जाने के कारण देहरादून हिल डिपो की कई महत्वपूर्ण बस सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। इससे कर्णप्रयाग, नागचुलाखाल और पिंडर घाटी जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देहरादून से वाया कर्णप्रयाग होते हुए गैरसैंण क्षेत्र के नागचुलाखाल तक संचालित बस सेवा करीब एक सप्ताह से बंद है जबकि यह कुमाऊं और पौड़ी जिले की सीमा पर बसे लोगों के लिए अहम साधन है। इसी तरह देहरादून–कर्णप्रयाग–नौटी–देवलकोट रूट की एकमात्र बस सेवा और देहरादून–देवाल बस सेवा भी कई दिनों से ठप है। अपर



बाजार व्यापार संघ अध्यक्ष अनिल खंडूड़ी ने बताया कि दूरस्थ गांवों के लोग इलाज समेत जरूरी कार्यों के लिए कर्णप्रयाग अस्पताल पहुंचने हेतु इन्हीं बसों पर निर्भर हैं, लेकिन सेवाएं प्रभावित होने से उन्हें दिक्कतें हो रही हैं। वहीं, उत्तराखंड परिवहन निगम हिल डिपो देहरादून के सहायक प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि बसों की कमी के चलते समस्या हो रही है।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य ने सुनी सफाई कर्मचारियों की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य करम सिंह कर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को गोपेश्वर में जनपद के विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जनपद में कार्यकर रहे सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सफाई कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों और अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए गए। नगर पालिका परिषद चमोली गोपेश्वर के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव धर्मेंद्र और जिलाध्यक्ष राजपाल ने नगर पालिका परिषद गोपेश्वर में सफाई कर्मचारियों के 13 पदों पर नियुक्ति करने, मोहल्ला स्वच्छता समिति में संलग्न कर्मचारियों की वेतन वृद्धि किए जाने सहित विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग की। जिस पर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य की



ओर से सभी अधिकारियों को नियमानुसार न्यूनतम मानदेय दिए जाने और सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने श्रम अधिकारी को सभी विभागों में तैनात सफाई कर्मचारियों की स्थिति और वेतन की जांच करने और न्यूनतम मानदेय भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान उन्होंने नगर पालिकाओं में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की संख्या और वर्तमान में उनकी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने नियमानुसार हाथ से मैला उठाने वाले कर्मचारियों को सरकार की योजनाओं से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी धनंजय लिंगवाल ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को सफाई कर्मचारियों के हितों के लिए सरकार की ओर से निर्धारित नियमों की जानकारी भी दी। इस मौके पर परियोजना निदेशक आनंद भाकुनी, उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे, पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अभिषेक गुप्ता, सीएमएस डॉ. अनुराग धनिक, तहसीलदार दिप्ती शिखा, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अनिल पंत, बीना नेगी, वाल्मीकि समाज संघ के महामंत्री अमित कुमार, देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विश्वम्बर, उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह आदि मौजूद थे।

### जीएमवीएन से गडोली पुल तक लगेगी सिंगल आर्म लाईट

चमोली। गैरसैंण नगर पंचायत की ओर से नैनीताल हाईवे पर जीएमवीएन (गढ़वाल मंडल विकास निगम) से गडोली पुल का सिंगल आर्म लाइटें लगाई जाएगी। लाइटों के लगने से अंधेरे की समस्या दूर होगी। नगर पंचायत की ओर से निविदा जारी की गई है। जल्द ही इस पर काम भी शुरू हो जाएगा। नगर पंचायत की ओर से नगर क्षेत्र को लगातार सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत नपं की ओर से हाईवे के किनारे सिंगल आर्म लाइटें लगाई जा रही है। जीएमवीएन से गडोली पुल तक एक किमी में 72 लाइटें लगाई जाएगी। जिसके लिए 82 लाख की निविदा जारी की गई है।

